अभ्यास प्रश्न-पत्र 2
विषय हिंदी कोर्स ए
कक्षा दसवीं

समय **3 घंटे**		**अंक** **80**
सामान्य निर्देश **1 इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं -क,ख,ग और घ ।** **2 सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।** **3 यथा संभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों का उत्तर क्रम से लिखिए ।** **4 एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए ।** **5 दो अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए ।** **6 तीन अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए ।**		
	(खंड-क)	
	(अपठित अंश)	
1	**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**	(10)
	जीवन में वही मनुष्य सफल है , जो समय के साथ चलता है । कुछ लोग तो ऐसे दूरदर्शी होते हैं, जो आने वाले समय को पहले से ही भांप जाते हैं। ऐसे व्यक्ति अपनी योजना पहले ही बना लेते हैं, हर कसौटी पर सफल होते हैं। हमें अपना काम कभी भी समय के भरोसे नही छोड़ना चाहिए । कैसी भी परिस्थिति क्यों न हो , हमें समय के साथ आगे बढ़ते हु ए अपना काम पूरा करते रहना चाहिए । कल के भरोसे काम को छोड़ना समस्याओं को आमंत्रित करना है। समय बड़ा ही बलवान है। समय के अनुरूप चलने वाला गरीब से अमीर एवं समय को न भाँपने वाला अमीर से गरीब बन जाता है। व्यापारी वर्ग हमेशा समय को ध्यान में रख कर अपना रोज़ गार शुरू करता है और धन लगाता है। यह कहा जाता है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कुछ क्षण ऐसे आते हैं जिनसे उसके भाग्य का बनना और बिगड़ना तय होता है। अगर व्यक्ति ने समय की सही गति या दशा को समझ लिया तो वह सफल हो गया , अन्यथा उसके हाथ केवल असफलता ही लगेगी । खेल-कूद खासकर दौड़ की प्रतियोगिता में समय ही निर्णायक होता है। अपने निर्दिष्ट लक्ष्य पर पहुँचने वाले धावक एक क्षण आगे पहुंच जाने पर ओलम्पिक में मैडल जीत जाता है। एक क्षण पहले अस्पताल में पहुँच जाने पर रोगी बच जाता है। कल्पना चावला का अन्तरिक्ष यान कोलम्बिया यदि कुछ मिनट और ठीक रहता तो शायद वह और उनके साथी अन्तरिक्ष यात्री सुरक्षित बच जाते । अत: हम कह सकते हैं कि मानव जीवन का सब से बड़ा निर्णायक घटक समय होता है।	
	(क) जीवन में कौन मनुष्य सफल होता है?	(2)
	(ख) आने वाले समय को कौन भाँप लेते हैं?	(2)

	(ग) मनुष्य कब समस्याओं को आमंत्रित करता है?	(2)
	(घ) समय का महत्व किन-किन क्षेत्रों में है?	(2)
	(ड) मानव जीवन का सबसे बड़ा निर्णायक घटक क्या है?	(1)
	(च) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए ?	(1)
	(खंड-ख)	
	(व्यावहारिक व्याकरण)	
2	**निर्देशानुसार उत्तर लिखिए** - |	(1x4=4)
	क) बालगोबिन जानते हैं कि अब बुढ़ापा आ गया । (आश्रित उपवाक्य छांटकर लिखें)	
	ख) बाग़ में मोहन रवि को देखकर बहुत आश्चर्य चकित हुआ । (संयुक्त वाक्य में बदले)	
	ग ज्यों ही घंटी बजी छात्र अंदर चले गए । (रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखें)	
	घ) जो ईमानदार है वही सम्मान का सच्चा अधिकारी हैं ।(सरल वाक्य में बदलिए)	
3	**निम्नलिखित वाक्यों में निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए** |	(1x4=4)
	क) माँ ने अवनि को पढ़ाया | (कर्मवाच्य में)	
	ख) बच्चा नहीं रोता | (भाववाच्य में)	
	ग) वह फुटबॉल नही खेलता | (कर्मवाच्य में)	
	घ) अब चलें | (भाववाच्य में)	
4	**निम्नलिखित वाक्यो मे रेखाकिंत का पद परिचय लिखिए**	(1x4=4)
	क) कल हमने <u>ताजमहल</u> देखा । |	
	ख) <u>यह</u> पुस्तक किसकी है ।	
	ग) <u>शाबाश</u> ! तुमने बहुत अच्छा काम किया	
	घ) इस पुस्तक में <u>अनेक</u> चित्र हैं |	
5	**निर्देशानुसार उत्तर लिखिए**	(1x4=4)
	क) श्रृंगार और हास्य रस के स्थायी भाव लिखिए |	
	ख) चरण कमल बन्दों हरि राई, जाकी कृपा पंगु गिरि लांघे, अंधे को सब कुछ दरसाई (पंक्ति में निहित रस का नाम बताइए)	
	(ग) वीर रस का स्थायीभाव क्या है ?	
	(घ) स्थायी भाव किसे कहते है ?	
	“ खंड-ग ”	
	(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)	
6	**निम्नलिखित गद्यांश कोध्यान से पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**	(6)
	फ़ादर को याद करना एक उदास शांत संगीत को सुनने जैसा है ।उनको देखना करुणा के निर्मल जल में स्नान करने जैसा था और उनसे बात करना कर्म के संकल्प से भरना था। मुझे ‘परिमल’ के वे दिन याद आते हैं जब हम सब एक पारिवारिक रिश्ते में बंधे जैसे थे , जिसके बड़े फ़ादर बुल्के थे। हमारे हँसी-मज़ाक में वे निर्लिप्त शामिल	

	रहते, हमारी गोष्ठियों में वे गंभीर बहस करते। हमारी रचनाओं पर बेबाक राय देते और हमारे संस्कारों और उत्सवों में वे बड़े भाई और पुरोहित की तरह खड़े होकर हमें आशीषों से भर देते ।	
	(i) लेखक की दृष्टि में फ़ादर को याद करना ,उन्हें देखना और उनसे बात करना किन अनुभवों के समान था ? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	(2)
	(ii) लेखक को परिमल के दिनों के कौन से घटनाक्रम याद आते हैं ? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	(2)
	(iii) घर के उत्सवों में फ़ादर की क्या भूमिका होती थी ? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	(2)
7	**निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखें ।**	(2X4=8)
	(i) बाल गोबिन भक्त पाठ में किन सामाजिक रुढियों पर प्रहार किया गया है ? ।	
	(ii) कैप्टन कौन था और उसे क्या बात आहत करती थी ?	
	(iii) लेखिका मन्नू भंडारी अपने पिताजी की किस विरोधाभासी प्रवृत्ति पर विचार करती है?	
	(iv) 'बिना विचार ,घटना और पात्रों के भी क्या कहानी लिखी जा सकती हैं ?	
8	**निम्नलिखित पठित पदयांश को ध्यान से पढ़कर प्रश्नों के संक्षेप उत्तर लिखिए-**	6
	मन की मन ही माँझ रही। कहिए जाइ कौन पै ऊधौ, नाहीं परत कही। अवधि अधार आस आवन की, तन मन बिथा सही। अब इन जोग सँदेसनि सुनिसुनि-, बिरहिनि बिरह दही। चाहति हुतीं गुहारि जितहिं तैं, उत तैं धार बही। 'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं, मरजादा न लही।	
	(क) गोपियों की कौन -सी अभिलाषा मन की मन में रह गई और क्यों ?(शब्द सीमा 30-40 शब्द)	(2)
	(ख) गोपियाँ अपनी रक्षा की गुहार श्री कृष्ण से लगा सकती थी ,परन्तु उन्होंने ऐसा क्यों नहीं किया ? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	(2)
	(ग) 'अब धीर धरहिं क्यों, मरजादा न लही' में गोपियाँ क्या कहना चाहती हैं ? (शब्द सीमा 30-40 शब्द)	(2)
9	**पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखें** -	(2X4=8)
क	लक्ष्मण ने धनुष खंडित होने के क्या-क्या कारण बताए हैं?	
ख	गोपियों ने योग साधना को अपने लिए किस तरह अनुपयुक्त बताया?	
ग	फसल को 'हाथों के स्पर्श की गरिमा' और 'महिमा' कहकर कवि क्या व्यक्त करना चाहता है?	
घ	'अट नहीं रही हैं' कविता में कवि ने प्रकृति की व्यापकता का वर्णन किन रूपों में किया है?	

ड.	'मृगतृष्णा' किसे कहते हैं, 'छाया मत छूना' कविता में इसका प्रयोग किस अर्थ में हुआ है?	
10	**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नो के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिय।**	3∗2=6
	क) बच्चे माता पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं ?	
	ख) नाक मान-सम्मान व प्रतिष्ठा का द्योतक है यह बात पूरी व्यंग्य रचना में किस तरह उभर कर आई है, लिखिए ।	
	ग) माता का अंचल पाठ में ग्रामीण परिवेश का चित्रण किया गया हैं । आप ग्रामीण जीवन व् शहरी जीवन में क्या अंतर पाते हैं ?	
	खंड घ **(लेखन)**	
11	**दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए -**	**(10)**
(क)	पर्वतीय सौंदर्य : संकेत बिंदु- भूमिका, मानव प्रेम, मानव के चहुँमुखी विकास में सहायक ,संरक्षण के प्रति जनता के कर्तव्य, सौन्दर्य को बचाए रखने के उपाय, उपसंहार	
(ख)	इंटरनेट का प्रभाव : संकेत बिंदु - भूमिका, इतिहास और विकास, इंटरनेट संपर्क, इंटरनेट सेवाएँ, भारत में इंटरनेट, भविष्य की दिशाएँ, उपसंहार |	
(ग)	व्यायाम और स्वास्थ्य संकेत बिंदु - भूमिका, अर्थ, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास ,व्यायाम से शरीर तथा मन पर नियंत्रण के क्षमता का विकास ,अनेक प्रकार के व्यायाम और इनके लाभ, उपसंहार ।	
(घ)	मेरे जीवन का आदर्श : संकेत बिंदु - भूमिका ,आदर्श कौन, शैक्षिक उपलब्धियाँ, जीवन की सफलताएँ, प्रेरणा का स्रोत, उपसंहार ।	
12	आए दिन चोरी और झपटमारी के समाचारों को पढ़कर जो विचार आपके मन में आते हैं, उन्हें किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्र के रूप में लिखें ।	(5)
	अथवा	
	प्रभात आपका मित्र है और उसने राष्ट्रीय स्तर पर ऊँची कूद में स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश का नाम रोशन किया है, उसे बधाई देते हुए एक पत्र लिखें ।	
13	प्रश्न 13 - मिलन जूस कॉर्नर का एक आकर्षक विज्ञापन 25-50 शब्दों में बनायें ।	(5)
	अथवा	
	आपके शहर में ऊनी कपड़ों की सेल लगी है । इसके लिए 25-50 शब्दों का एक विज्ञापन तैयार करें ।	(5)